दिनांक 24.02.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम कर्मचारी लगवा रहे हैं वैक्सीन का टीका

-अब तक भिलाई निगम के हजारों कर्मचारी लगवा चुके हैं टीका

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारी कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन का टीका लगवा रहे है! फ्रंट लाइन वारियर्स के तहत निगम भिलाई के अधिकारी /कर्मचारियों का नाम टीकाकरण के लिए शामिल किया गया है , वे सभी क्रमशः वैक्सीनेश सेंटर में पहुंचकर टीका लगा रहे है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने प्रथम दिवस को ही सुपेला शास्त्री अस्पताल में पहुंचकर कोरोना वैक्सीनेशन सेंटर में टीका लगवाकर सभी कर्मचारियों को टीका लगाने प्रेरित किये थे। नगर पालिक निगम , भिलाई के सभी अधिकारी/कर्मचारियों का नाम फ्रंटलाइन वर्कर की सूची में है! सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि निगम के सभी कर्मचारियों को टीका लगाया जाना है , आज 405 लोगों ने टीका लगवाया है तथा इससे पूर्व निगम के हजारों कर्मचारी टीका लगवा चुके हैं! टीकाकरण के लिए नियमित के अलावा प्लेसमेंट के कर्मचारी भी शामिल है! वैक्सीन लगाने के लिए कुछ कर्मचारी ही शेष रह गए है , बाकी सभी क्रमशः वैक्सीन का टीका लगवा लिये है। टीका लगाने के बाद प्रोटोकॉल के तहत टीका लगवाने वाले कर्मचारी को लगभग आधा घंटा तक आब्जवेशन में रखकर यह देखा जाता है कि टीका लगाने के बाद किसी तरह का साइड इफेक्ट तो नहीं हो रहा है। किसी तरह का साइड इफेक्ट अब तक किसी भी अधिकारी/कर्मचारियों में नहीं दिखा है। निगम के विभाग प्रमुख टीका लगवाने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है! जिन्हें टीका लगाया जाना है उन कर्मचारियों के मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना मिल रही है , टीका लगाने की सूचना मिलने वाले कर्मचारियों को अपने साथ कोई भी एक पहचान पत्र लेकर वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचना होता है , जिसके आधार पर नाम का मिलान किया जा सके, यह आईडेंटिफाई होने के बाद कि यह वही व्यक्ति है जिन्हें टीका लगाया जाना है , उसे एक पर्ची दी जाती है जिसे वैक्सीनेशन सेंटर में दिखाने पर टीका लगाया जाता है। टीका लगने को बाद मोबाइल पर ऑनलाइन सर्टीफिकेट भी प्राप्त हो रहा है , जिसमें दूसरा टीका कब लगाया जाना है इसकी जानकारी मिल रही है!

जनसम्पर्क अधिकारी